हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार 1 फरवरी 2026


तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 4 .5 डिग्री


11 कृषि से जुड़ी सरकारी योजनाओं का फायदा ...

12 हर ओर से हो रहा प्रवेश, एक भी सीसीटीवी ...



## शहर में आज

- सती भाई साइ दास सेवा दल में डिस्पेन्सरी एवं धर्मशाला का शिलान्यास आज सुबह 11 बजे
- गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में समारोह का आयोजन सुबह 10 बजे
- एमडीयू में इंटर कॉलेज नेटबॉल प्रतियोगिता सुबह 10 बजे
- नेकीराम कॉलेज में फुटबॉल प्रतियोगिता सुबह 10 बजे
- मायना में चौथी हरिदास दौड़ प्रतियोगिता

**बिजली कट**

- सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक

सूर्य नगर, बैंक कॉलोनी, गोहाना रोड, पीर बोढी, छिकारा पैट्रोल पम्प, रॉयल वैल वेट होटल, सांगवान एकेडमी

- सुबह 10 से शाम 4 बजे तक

विकास नगर, किशनपुरा, सोनिपत रोड ,झंग कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी, बजरंग भवन

- सुबह 10 से शाम 5 बजे तक

किला रोड मंदिर वाली गली, गनेरी वाली गली, किला रोड की सभी मार्केट

### गांव सैमाण में पीएम आवास योजना के तहत मकान बनाने में गड़बड़ी का खुलासा

# अपात्रों को बांट दिया घर बनाने के लिए पैसा, लोकपाल ने पकड़ा फर्जीवाड़ा

**8,46,000 की रिकवरी के आदेश**

- पंचायत ने नियमों को ठेंगा दिखा उन महिलाओं को पात्र बनाया, जिनके पास पहले से पक्का मकान था
- जिला विकास एवं पंचायत अफसर ने लोकपाल की कार्रवाई पर ही खड़े कर दिए कई सवाल
- आरोप-लोकपाल ने जांच करने में कोताही बरती पंचायत के पक्ष को सुना ही नहीं गया

■ डीडीपीओ बोले-लोकपाल को रिकवरी का आदेश जारी करने का अधिकार नहीं

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

गांव सैमाण की पंचायत ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में अपात्र परिवारों की पहचान करके उन्हें सरकार से मकान बनाने के लिए लाखों रुपये सरकार से जारी करा दिए। मामला का भंडाफोड़ गांव के ही आरटीआई कार्यकर्ता ने किया तो मनरेगा लोकपाल ने जांच की। अब इंक्वायरी पूरी होने के बाद आठ महिला लाभार्थियों से 846000 रुपये की रिकवरी करने के बारे में बीडीपीओ महम को पत्र भेज दिया है। इस संबंध में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल का कहना है कि लोकपाल ने जांच करने में पूरी तरह से कोताही बरती है। उन्होंने पंचायत पक्ष सुने बिना ही पैसे की रिकवरी का पत्र खंड कार्यालय को भेज दिया। चहल ने बताया कि रिकवरी के आदेश जारी करने का लोकपाल का अधिकार ही नहीं है। रिकवरी कराने का अधिकार अतिरिक्त उपायुक्त का है।


रिकवरी के आदेश का पत्र

### आरटीआई कार्यकर्ता ने किया खुलासा


आरटीआई कार्यकर्ता प्रदीप कुमार

वर्ष 2017-18 में सैमाण की महिलाओं ने केंद्र सरकार से मकान बनवाने के लिए फार्म भरे। जिन महिलाओं ने फार्म अप्लाई किए, वे पात्र हैं या नहीं, इसकी जांच सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी, जेई और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महम ने की। जांच एक बार नहीं पांच बार की। लेकिन ऐसी महिलाओं के नाम की संस्तुति अधिकारियों ने सरकार को भेज दी। जो योजना की पात्र नहीं थी। अपात्र महिलाओं की सिफारिश की जानकारी गांव के ही आरटीआई कार्यकर्ता प्रदीप कुमार को लगी तो उन्होंने व अपने एक सहयोगी सुभाष से मिलकर इसकी शिकायत प्रशासन को की। फिर मामले की जांच मनरेगा लोकपाल डॉ. एसएस रंगा ने शुरू की। जांच सितंबर 2025 में पूरी हो गई। बताया जा रहा है कि जब लोकपाल जांच के लिए गांव सैमाण गए तो उनके साथ ही बस्ती के लोगों ने कहासुनी की।

### इन 8 महिलाओं से होगी रिकवरी

| क्र: | नाम | पिता/पति का नाम | रिकवरी राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | सोनिया | ऋषिपाल | 45000 |
| 2. | इन्द्रो | धर्मपाल | 138000 |
| 3 | संतरा | राजबीर | 105000 |
| 4. | बिमला | सतपाल | 105000 |
| 5. | दयावंती | सज्जन | 105000 |
| 6. | रामिला | नफे सिंह | 138000 |
| 7. | कमलेश | रमेश | 105000 |
| 8. | सुनीता | नरेश कुमार | 105000 |
| कुल | | | 846000 |


### प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 1.86 लाख मिलते हैं मकान बनाने के लिए



प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत महिला मुखिया को तीन किस्तों में 1 लाख 38 हजार रुपये नगद, 90 दिन की मनरेगा मेहनताना(440 रुपये प्रतिदिन) 12 हजार रुपये शौचालय बनाने के लिए दिए जाते हैं। मकान उनके ही बन सकते हैं, जिनके पास रहने के लिए अपना पक्का मकान न हो। बताया जा रहा है कि सैमाण की पंचायत ने सरकार के सभी नियमों को ठेंगा दिखाकर उन महिलाओं को पात्र बना दिया, जिनके पास पहले से पक्का मकान था। एक मामला तो ऐसा भी बताया जा रहा है कि महिला का अपना दो मंजिल का घर था, फिर भी वह सरकार से 138000 रुपये हासिल कर गई। महिला ने अपनी ससुराल में पति की बजाय पिता का नाम प्रयोग करके पोर्टल पर फार्म भरा। ताकि पहचान न हो सके। सूत्र तो ये भी बताते हैं कि उक्त महिला एक चुने हुए पूर्व मुख्य प्रतिनिधि की पत्नी है।

### लोकपाल को लिखित शिकायत करें तथ्य सही पाए जाने पर होगी जांच

■ मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और शिकायतों के समयबद्ध निपटान के लिए लोकपाल किया जाता नियुक्त




मनरेगा लोकपाल एक स्वतंत्र अधिकारी होता है, जिसे मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और शिकायतों के समयबद्ध निपटान (30 दिनों के भीतर) के लिए हर जिले में नियुक्त किया जाता है। यह मजदूरों को मजदूरी, काम या सुविधाओं से संबंधित शिकायतें सुनने, जांच करने और कार्रवाई करने का अधिकार रखता है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही ग्रामीण विकास की समस्त योजनाओं को लेकर अगर किसी व्यक्ति को शिकायत है तो वह लोकपाल को लिखित शिकायत कर सकता है। तथ्य सही पाए जाते हैं तो उसकी जांच होगी।

### रोहित गोदारा गैंग के नाम से व्हाट्सएप कॉल की, दहशत में दुकानदार

# कपड़ा व्यापारी से मांगी एक करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में गारमेंटस शोरूम संचालक को एक करोड़ रुपये की रंगदारी की धमकी मिलने से व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया है। झज्जर जिले के गांव खरमाण निवासी और रोहतक के नए बस स्टैंड के पास दुकान चलाने वाले सुंदर सांगवान को व्हाट्सऐप कॉल के जरिए धमकी दी गई। कॉलर ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग से जुड़ा बताते हुए एक करोड़ रुपये की मांग की और रकम न देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। मामले की शिकायत व्यापारी ने सीधे एसपी सुरेंद्र भौरिया से की, जिसके बाद पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर उनकी दुकान और आवास पर एक पुलिसकर्मी तैनात कर दिया है। हालांकि सुंदर सांगवान साधारण परिवार से आते हैं और उन्होंने कई साल पहले यू ट्यूब चैनल पर वीडियो बनानी शुरू की।

#### धमकी से पहले की रैकी

सुंदर सांगवान ने बताया कि कॉलर ने फोन पर दुकान से जुड़ी बेहद सटीक जानकारियां दीं। उसने बताया कि दिन में किस समय दुकान पर कौन आता है, कौन-सा सामान लाया जाता है और किस समय दुकान बंद होती है। इससे साफ है कि आरोपी ने पहले से उसकी पूरी रैकी कर रखी थी।

#### स्क्रीन रिकॉर्डिंग ने बढ़ाई मामले की गंभीरता

व्यापारी ने सूझबूझ दिखाते हुए व्हाट्सऐप कॉल के दौरान स्क्रीन रिकॉर्डिंग शुरू कर दी, जिसमें आरोपी द्वारा कही गई सारी बातें रिकॉर्ड हो गईं। इस रिकॉर्डिंग को उन्होंने पुलिस को सौंप दिया है। रिकॉर्डिंग सुनने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। एसपी के निर्देश पर व्यापारी की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी तैनात किया गया है और तकनीकी जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस जांच कर रही है कि धमकी रोहित गोदारा गैंग ने दी है या किसी युवक ने उसके नाम का प्रयोग किया है।

#### रात के समय आई धमकी भरी कॉल

पीड़ित सुंदर सांगवान ने बताया कि 29 जनवरी की रात उसके मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। कॉल उठाते ही सामने से धमकी भरी आवाज सुनाई दी। कॉलर ने कहा कि "एक करोड़ रुपये देने होंगे, अगर फोन काटा तो तुझे महंगा पड़ेगा। इसके बाद जो भी होगा, उसका जिम्मेदार तू खुद होगा। अचानक आई इस धमकी से वह घबरा गया। शुरुआत में उसने इसे मजाक समझा, लेकिन कॉलर की बातों और जानकारी ने उसे गंभीर रूप से डरा दिया।

#### आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा



मामले को गंभीरता से लिया गया है। पीड़ित व्यापारी को सुरक्षा मुहैया करवाई गई है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।
-सुरेंद्र भौरिया, एसपी रोहतक

## देर रात बदला मौसम, बारिश और ओले गिरे


रात 11.45 बजे
फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** मौसम में शनिवार शाम अचानक परिवर्तन आया। दिन में हल्के बादल छाने के बाद देर रात हल्की बूंदाबांदी के साथ कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने शनिवार रात से ही बदलाव और कुछ इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया था। रविवार को भी ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है।

### इंडो-फ्रेंच लीगल कॉन्फ्रेंस में सिद्धार्थ बत्रा का संबोधन

**रोहतक।** पेरिस में आयोजित इंडो-फ्रेंच लीगल एंड बिज़नेस कॉन्फ्रेंस में सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड सिद्धार्थ बत्रा ने भारतीय और फ्रांसीसी विधि समुदाय को संबोधित किया। यह सम्मेलन पेरिस बार एसोसिएशन और इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। अपने संबोधन में सिद्धार्थ बत्रा ने भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की न्यायिक यात्रा और उनके न्याय दर्शन पर प्रकाश डाला। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 37 वर्ष की आयु में हरियाणा के महाधिवक्ता के रूप में कार्य किया।

## स्कूल से लौट रहे तीन छात्रों पर जानलेवा हमला

- गांधरा में महिलाओं समेत चार आरोपियों ने रास्ता रोककर पीटा, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के सांपला थाना क्षेत्र के गांव गांधरा में स्कूल से घर लौट रहे तीन छात्रों पर रास्ता रोककर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस हमले में एक छात्र को सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि दो अन्य छात्र भी घायल हुए हैं। घटना के बाद घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित छात्रों के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल छात्र अमन ने पुलिस को बताया कि साथी आकाश और साहिल के साथ लंच ब्रेक में स्कूल से घर लौट रहा था। गांव गांधरा की एक गली में पहुंचे, वहां घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। अमन के अनुसार, आरोपियों में सुमेर पुत्र राजसिंह, उसकी पत्नी रविता, करिश्मा पत्नी गुलाब और शिल्पा शामिल थे। सभी आरोपी हाथों में लाठी-डंडे लिए हुए थे।

## ट्रक ने कार को मारी टक्कर बाप-बेटी गंभीर घायल

**गांव भैसरु खुर्द के पास हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के सांपला थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में खरखौदा निवासी एक व्यक्ति और उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना सांपला थाना क्षेत्र के गांव भैसरु खुर्द के नजदीक हुई। खरखौदा के प्रताप कॉलोनी निवासी जितेंद्र अपनी बेटी हंसिका के साथ कार में सवार होकर गांव भैसरु खुर्द से खरखौदा लौट रहे थे। जब वे गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से गलत दिशा में आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार को सीधी टक्कर मार दी।

### न्यायिक अधिकारियों और बार पदाधिकारियों ने किया दौरा

# 16 फरवरी को रोहतक आएंगे सीजेआई सूर्यकांत, बार एसोसिएशन के अभिनंदन समारोह में करेंगे शिरकत

- सूर्यकांत ने साल 1984 में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से हासिल की थी कानून की डिग्री
- बार एसोसिएशन ने रोहतक आने के लिए दिया था निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत 16 फरवरी को रोहतक आएंगे। वे यहां बार एसोसिएशन रोहतक की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में शिरकत करेंगे। इसी के मद्देनजर जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शनिवार को समारोह स्थल का दौरा किया। दौरा करने वालों में प्रमुख तौर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनी यादव, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार दुग्गल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र नरवाल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कौशिक, एसीजेएम मोहम्मद सागीर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. तरन्नुम खान तथा जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा शामिल थे। बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जनवरी में मुख्य न्यायाधीश से दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात कर रोहतक आने का निमंत्रण दिया था। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने रोहतक के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव को याद किया और जल्द ही रोहतक का दौरा करने का आश्वासन दिया था। सीजेआई सूर्यकांत ने वर्ष 1984 में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री हासिल की थी।


रोहतक। जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारी व बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा बार परिसर का दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि




# सुरक्षित नहीं रेलवे स्टेशन

# हर ओर से हो रहा प्रवेश सीसीटीवी भी एक्टिव नहीं

**30** एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों का रोज हो रहा आवागमन

**70** कैमरों से अब होगी निगरानी मार्च तक लगेंगे

**29** करोड़ से तैयार हो रहा नया भवन, अब तक **50** फीसदी काम हो चुका है पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर का रेलवे स्टेशन इन दिनों गंभीर सुरक्षा खामियों के चलते असुरक्षा के घेरे में है। हालात ऐसे हैं कि स्टेशन परिसर में किसी भी दिशा से बिना रोक-टोक प्रवेश किया जा सकता है। यह समस्या नई नहीं है, बल्कि नए भवन निर्माण से पहले भी यही स्थिति बनी हुई थी। यात्रियों की लगातार आवाजाही और ट्रेनों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के ये हालात चिंता बढ़ाने वाले हैं।

फिलहाल रेलवे स्टेशन पर एक भी सीसीटीवी कैमरा सक्रिय नहीं है। हालांकि राहत की बात यह है कि मार्च माह तक स्टेशन को 70 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में लाने की योजना है। इसके लिए प्रक्रिया जारी है और सभी कैमरों का कंट्रोल रूम रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाने में स्थापित किया जाएगा। कैमरे लगने के बाद स्टेशन के हर कोने पर नजर रखी जा सकेगी, जिससे असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है। इस स्टेशन पर प्रतिदिन करीब 30 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें आती-जाती हैं। इसके अलावा मालगाड़ियों की आवाजाही भी होती रहती है। जहां मालगाड़ियां खड़ी की जाती हैं, वहां से भी स्टेशन में प्रवेश का अलग रास्ता बना हुआ है। यही रास्ता सुरक्षा के लिहाज से सबसे संवेदनशील माना जा रहा है। बताया जाता है कि अधिकांश बेटिकट यात्री इसी रास्ते का इस्तेमाल कर स्टेशन से बाहर निकल जाते हैं, जिससे न सिर्फ राजस्व को नुकसान होता है बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होते हैं।



रोहतक। रेलवे स्टेशन के अन्य बने रास्तों से प्लेटफार्म पर जाते यात्री।

## आरपीएफ थाने में कंट्रोल रूम बनेगा

फिलहाल रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य जारी है। धीरे-धीरे कार्य को भी पूरा किया जा रहा है। मार्च तक कैमरे भी लगेंगे। ताकि संपूर्ण तरीके से यात्रियों को सुविधा मिल सके। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के लिए आरपीएफ थाने में ही एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यहां से सभी कैमरों की लाइव मानिटरिंग की जाएगी।
- **बलराम मीणा,** स्टेशन अधीक्षक,

## ठोस प्रबंध नहीं

यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर प्रवेश और निकास के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए टिकट जांच की सख्ती न के बराबर है। शाम और रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब स्टेशन पर भीड़ कम होती है और असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ जाती है।

## आधुनिक सुविधाएं होंगी

रेलवे स्टेशन का नया भवन बन रहा है जिस पर 29 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। निर्माण कार्य का 50 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। नए भवन के साथ आधुनिक सुविधाएं और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था देने का दावा किया जा रहा है। सीसीटीवी लगने के बाद स्टेशन की तस्वीर बदलेगी।

---


हरिभूमि मेरा शहर मेरी समस्या सेक्टर-14 पहल

### चारों तरफ फैला कबाड़, जगह हो गई संकरी

# नगर नगम ने सामुदायिक केंद्र को बना दिया कूड़े का गोदाम, हर कोई परेशान

**रोहतक।** सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान जब्त किया गया सामान लंबे समय से सामुदायिक केंद्र में डंप कर दिया गया है। इसके चलते यह केंद्र सामाजिक व पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी स्थल के बजाय नगर निगम के कबाड़ का अड्डा बन गया है। हालात यह हैं कि यहां नियमित सफाई तक नहीं हो पा रही, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सामुदायिक केंद्र का निर्माण ही इस उद्देश्य से किया गया था कि यहां शादी-विवाह, धार्मिक आयोजन, सामाजिक बैठकें व अन्य कार्यक्रम आसानी से किए जा सकें, लेकिन केंद्र में चारों तरफ फैला कबाड़, जब्त किया गया सामान, टूटी कुर्सियां, लोहे के ढांचे, बैनर-पोस्टर और अन्य सामग्री रखे होने के कारण जगह संकरी हो गई है। इससे न केवल कार्यक्रमों की व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि स्वच्छता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

*स्थानीय लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो हम आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। निगम यहां से सामान हटवाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे।*





### कई बार कर चुके शिकायत नहीं हुई ठोस कार्रवाई



सामुदायिक केंद्र पूरे इलाके के लिए बेहद जरूरी है। लोग पारिवारिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सामाजिक बैठकों का आयोजन करते हैं, लेकिन नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के दौरान जब्त सामान को यहां डाल दिया। कई बार निगम अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।
-**सुनेहरा काजल**, प्रधान, आरडब्ल्यूए

### धूल मिट्टी और गंदगी बढ़ा रही परेशानी




सामुदायिक केंद्र में कबाड़ पड़े रहने से सफाई भी सही तरीके से नहीं हो पा रही। धूल-मिट्टी, गंदगी और बदबू के कारण यहां कार्यक्रम करना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों को मजबूरी में निजी मैरिज पैलेस या अन्य महंगे स्थानों का सहारा लेना पड़ रहा है। आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।
-**विरेंद्र आर्य**, महासचिव, आरडब्ल्यूए

### सामुदायिक केंद्र सार्वजनिक संपत्ति पर इसका दुरुपयोग किया जा रहा



सामुदायिक केंद्र सार्वजनिक संपत्ति है, लेकिन इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। निगम को चाहिए कि जब्त सामान के लिए अलग गोदाम या स्थान तय करे, न कि सामुदायिक केंद्र जैसे उपयोगी स्थल को कबाड़घर बना दे।
-**राजेंद्र दांगी**, उपप्रधान, आरडब्ल्यूए

### आग लगने या बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है, जगह भी बेहद संकरी



सामुदायिक केंद्र में पड़े सामान में आग लगने या दुर्घटना की आशंका है। संकरी जगह व अव्यवस्थित ढंग से रखा कबाड़ किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। नगर निगम तुरंत यहां से सामान हटवाए व नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे।
-**एमएल अरोड़ा**, सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर

**मेरा शहर, मेरी समस्या कॉलम के जरिये आप भी रखें अपनी बात। अगर सेक्टर, गली-मोहल्ला, वार्ड, गांव और आसपास हैं समस्याओं से परेशान तो इस नंबर 9253681012 पर करें व्हाट्सएप। हम उठाएंगे आपका मुद्दा।**

---

## खबर संक्षेप

### मायना में बाबा हरिदास चौथी रेस स्पर्धा आज

**रोहतक।** मायना गांव में 1 फरवरी को बाबा हरिदास चौथी रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनेश फौजी, नवीन पंघाल और मनोज पंघाल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट रहेंगे। इस रेस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और महिलाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### ओवरलोडिंग वाहनों के कागजात जांचे

**रोहतक।** सड़क सुरक्षा माह के तहत उपायुक्त सचिन गुप्ता द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में तथा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सचिव वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आज आरटीए टीम द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से ओवरलोडिंग वाहनों की जांच हेतु सांझा ऑपरेशन चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग न केवल सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि इससे सडक़ों की क्षति भी होती है। ऐसे में भविष्य में भी इस प्रकार के सघन जांच अभियान जारी रहेंगे। चेकिंग अभियान के दौरान थाना प्रभारी (यातायात पुलिस) जसबीर सिंह, परिवहन निरीक्षक जसबीर नरवाल, परिवहन उप-निरीक्षक संदीप गुलिया तथा सहायक उप-निरीक्षक राजेश सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र का किया भ्रमण

**रोहतक** । महर्षि दयानंद विवि. के बॉटनी विभाग एवं ईएसएम सेल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र का प्रेरणादायी शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने गुरुकुल की गोशाला, गोबर गैस प्लांट, जीवामृत एवं घनजीवामृत निर्माण की प्रक्रिया, गुरुकुल शिक्षा पद्धति तथा नेचुरोपैथी से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए व्यवहारिक ज्ञान अर्जित किया। डॉ. विनीता हुड्डा के निर्देशन में संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इन नेचुरल फार्मिंग के सफल समापन पर राज्यपाल (महाराष्ट्र एवं गुजरात) तथा गुरुकुल प्रमुख आचार्य देवव्रत ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन में वृद्धि होती है, लागत घटती है और इससे किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में सशक्त मार्ग प्रशस्त होता है।

---

# लावारिस मिली बालिका गई प्री-अडॉप्शन में

■ लखीराम आर्य जगन्नाथ दत्तक ग्रहण एजेंसी में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तीन महीने पूर्व सोनीपत जिले में लावारिस अवस्था में मिली नवजात बालिका को अब प्री-अडॉप्शन प्रक्रिया में भेज दिया गया है। बालिका का प्रवेश बाल कल्याण समिति सोनीपत के माध्यम से तथा बाल कल्याण समिति रोहतक के निर्देशानुसार दत्तक ग्रहण एजेंसी में कराया गया था। शनिवार को बाल संरक्षण अधिकारी के आदेशानुसार संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण कर प्री-अडॉप्शन की प्रक्रिया पूर्ण की ।

उल्लेखनीय है कि करीब तीन महीने पहले सुबह लगभग 5 बजे सोनीपत क्षेत्र में एक गढ़ी के पास किसी अज्ञात महिला या पुरुष द्वारा नवजात शिशु को छोड़ दिया गया था। सुबह सैर के लिए निकले एक सज्जन की नजर बच्ची पर पड़ी, जिन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की कार्रवाई के बाद बालिका को संरक्षण हेतु लखीराम आर्य जगन्नाथ दत्तक ग्रहण एजेंसी में भेजा गया।

प्री-अडॉप्शन के अवसर पर आश्रम के मंत्री युवराज सिंह , सुभाष सांगवान, रविन्द्र सिंह, राजरूप राठी एवं हवासिंह रागे उपस्थित रहे। एजेंसी के मैनेजर संदीप सिंह ने बताया कि वर्तमान में आश्रम में सात बच्चे रह रहे हैं और सभी स्वस्थ हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बालिका को शीघ्र ही स्नेहिल परिवार मिलेगा।

---

बाबा मस्तनाथ मठ का माई चौदस का मेला हुआ संपन्न

# समाधि स्थलों पर माथा टेककर श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आठवीं शताब्दी से अध्यात्म, शिक्षा, चिकित्सा, सूर्य-उपासना और भारतीय संस्कृति के अनुपम संगम के रूप में प्रतिष्ठित बाबा मस्तनाथ मठ, अस्थल बोहर में सदियों पुरानी परंपरा के अनुरूप प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला माई चौदस का मेला गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। मेले में न केवल रोहतक और आसपास के क्षेत्रों, बल्कि दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और परम सिद्ध योगी चौरंगीनाथ जी महाराज तथा सिद्ध योगिनी पाई देवी की समाधि स्थलों पर माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



माई चौदस के नाम से प्रसिद्ध यह मेला हर वर्ष अस्थल बोहर मठ परिसर में आयोजित किया जाता है। मान्यता है कि यह स्थल केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि एक सिद्ध तपोस्थली भी है, जहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फलित होती है। इसी विश्वास के चलते मेले के दोनों दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। बाबा मस्तनाथ जी की समाधि पर ब्रह्म मुहूर्त से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। ब्रह्म मुहूर्त में मठ परिसर में धूणे प्रज्वलित किए गए और समाधि स्थलों पर विधिवत पूजा-अर्चना का क्रम आरंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने देसी घी की जोत प्रज्वलित की, गुड़, कंबल और अन्य श्रद्धा-सामग्री अर्पित की। दिनभर भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा मठ परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।

---

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त चिकित्सकों को भावभीनी विदाई

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लेक्चर थिएटर-1 में शनिवार को टीचर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सेवानिवृत्त हुए पूर्व कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. बीएम वशिष्ठ तथा ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाली हड्डी रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. कृष्णा के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने दोनों चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सेवाकाल की सराहना की। डॉ. बीएम वशिष्ठ ने अपने सेवाकाल को संतोषजनक बताते हुए सहयोगियों और परिवार के समर्थन के लिए आभार जताया। वहीं डॉ. कृष्णा ने सहयोगियों और मरीजों से मिले स्नेह को अविस्मरणीय बताया।



### एमडीयू से आठ कर्मचारी सेवानिवृत्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से आठ कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। कुलपति कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत समेत अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई दी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों- उप कुलसचिव सीमा खट्टर, अधीक्षक सीपी धवन, सहायक सतीश कुमार, वरिष्ठ पुस्तकालय सहायक सुरेश कुमार, लिपिक रोहताश सिंह, सुरक्षा प्रहरी सुरेंद्र सिंह व धन सिंह तथा सफाई कर्मचारी लाली देवी के कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर आदि मौजूद रहे।



### पुलिस के 6 अधिकारी-कर्मचारी सेवानिवृत्त

**रोहतक।** पुलिस में कार्यरत 6 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी गुरुवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में विदाई समारोह हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रतीक अग्रवाल ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। एएसपी प्रतीक अग्रवाल ने सेवानिवृत्त हुए हॉनरेरी निरीक्षक जगबीर सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक कर्मबीर, हॉनरेरी निरीक्षक रणबीर सिंह, उप निरीक्षक राजकुमार, उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह तथा मुख्य सिपाही सुखवीर सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

---

*वैश्य महाविद्यालय में ऑनलाई सम्मेलन का हुआ आयोजन*

# शोध और शिक्षण की प्रक्रियाओं को बदल रहा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा शनिवार को उच्च शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान, नवाचार और अकादमिक परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस बहुविषयक सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से 200 से अधिक शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन के मुख्य संरक्षक और वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विकास गोयल ने अपने संदेश में एआई की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज शोध और शिक्षण की प्रक्रियाओं को बदल रहा है। यह तकनीक न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्षता लाती है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को भी सशक्त बनाती है।प्रो. (डॉ.) संजय गुप्ता, डॉ. मोनिका गुप्ता एवं डॉ. रवि कांत ने बताया कि सम्मेलन का बहुविषयक स्वरूप प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। संयोजक डॉ. विकास चाहर एवं डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि लगभग 200 प्रतिभागियों की भागीदारी ने सम्मेलन को एक सशक्त राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। संस्थान के कार्यकारी संरक्षक अनिल कुमार बिंदल, राधे श्याम गर्ग, अनिल बंसल, पवन कुमार मित्तल, मोहित गोयल और रुपेश जैन ने संयुक्त रूप से इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे तकनीकी नवाचार की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया।



---

# समाज में फैलने वाले अंधकार को दूर करते हैं संतः सांसद



**महम।** फरमाणा गांव में अंबेडकर भवन का उद्घाटन करते सांसद रामचंद्र जांगड़ा। फोटो : हरिभूमि

**महम।** राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने शनिवार को फरमाणा गांव में सांसद निधि से 15 लाख की लागत से निर्मित अम्बेडकर भवन का उद्घाटन किया। सांसद संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गांव फरमाणा पंहुचे थे। ग्रामीणों ने उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। जांगड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की संत किसी एक समाज के न होकर सभी समाजों की धरोहर होते हैं। वे सदैव एक प्रेरणा बन कर समाज में फैलने वाले अंधकार को दूर करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार में लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सभी संतों और महापुरुषों की जयंती राज्य स्तर पर मनाई जा रही हैं। ताकि सर्व समाज उनसे प्रेरणा ले सके। सांसद ने कहा की कांग्रेस पार्टी जी राम जी योजना पर घटिया राजनीति कर रही है। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। सांसद ने कहा की महम हल्के में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाए चल रही हैं।

---

### कॉन्फ्रेंस में 200 पेपर प्रस्तुत किए गए , 600 डेलीगेट्स पहुंचे

आईएसएसीओएन कॉन्फ्रेंस में जानी-मानी फैकल्टी ने लिया हिस्सा

# एनेस्थीसियोलॉजी में एआई निभा सकता अहम भूमिकाः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रही तीन दिवसीय आईएसएसीओएन कॉन्फ्रेंस का शनिवार को कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके वंदे मातरम गीत के साथ औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने कहा कि खुशी है कि इतने अच्छे टॉपिक पर इंस्टीट्यूट में यह कॉन्फ्रेंस हो रही है। एनेस्थीसिया विभाग बहुत महत्वपूर्ण विभाग होता है अस्पताल में और पेरिऑपरेटिव मैनेजमेंट में मदद करता है।

एनेस्थीसियोलॉजी में एआई में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति डॉ एचके अग्रवाल।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि कॉन्फ्रेंस के लिए डॉ एस के सिंघल और डॉ सुशीला तक्षक की टीम बधाई की पात्र है। डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि पूरे विभाग ने काफी सहयोग किया है। पहले दिन 10 वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश की जानी-मानी फैकल्टी ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म अपने रिसर्च को दिखाने के लिए बहुत ही अच्छा है। डॉ सिंघल ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 200 पेपर प्रस्तुत किए गए, जिसे स्टूडेंट्स के साथ फैकल्टी ने भी प्रस्तुत किया। 600 डेलीगेट्स का रजिस्ट्रेशन किसी भी जोनल कॉन्फ्रेंस में होना रिकॉर्ड है।

#### इन्हें किया सम्मानित

डॉ. कीर्ति ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ आर सी अग्रवाल, डॉ बी राधाकृष्णन, डॉ दीपक माविया, डॉ ब्रिगेडियर टी प्रभाकर, डॉ एसएससी चक्र राव, डॉ ए एस कामो राव, डॉ मुरलीधर जोशी, डॉ गणेश प्रभु, बलवीर छाबड़ा, डॉ मीनाक्षी सुंदरम, डॉ राजीव गुप्ता, डॉ मधुरी, डॉ राकेश गर्ग, डॉ इंद्राणी, डॉ रमा कृष्ण रेड्डी, डॉ बलजीत सिंह, डॉ रविन्द्र कुमार, डॉ चंद्र शेखरन, डॉ हीना सुनील, डॉ दीवान, डॉ सुजाता घोष, डॉ तनवीर, डॉ पारुल, डॉ मंजूशाह को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

---

आरएसडीबीएम ट्रस्ट ने भाली आनंदपुर में बनाई बेकरी प्रोडक्शन यूनिट

# गांव खुद कमाएगा, खुद संवरेगा भाली आनंदपुर से उठी नई सोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जब देश में आत्मनिर्भर भारत की चर्चा हो रही है, तब सवाल उठता है कि क्या गांव भी आत्मनिर्भर बन पाएंगे? क्या गांव अपने विकास के लिए किसी उद्योगपति, व्यापारी या समाजसेवी का इंतजार किए बिना खुद आगे बढ़ सकते हैं? जिले के गांव भाली आनंदपुर से इसी सवाल का एक ठोस जवाब सामने आने वाला है।

श्री राम सरण दास भ्याना मेमोरियल ट्रस्ट (आरएसडीबीएम ट्रस्ट) गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐसी पहल करने जा रहा है, जो न सिर्फ रोजगार पैदा करेगी, बल्कि गांव के विकास का मॉडल भी बदलेगी। ट्रस्ट गांव में एक बेकरी प्रोडक्शन यूनिट लगाई है। जिसका पूरा मुनाफा गांव के विकास में ही खर्च होगा। बता दें कि अक्सर गांवों में यह धारणा बन चुकी है कि सड़क, चौपाल, गली, या अन्य विकास कार्य तभी होंगे जब कोई बाहरी व्यक्ति मदद करेगा। यही सोच गांवों को आत्मनिर्भर बनने से रोकती है। ट्रस्ट का उद्देश्य इस मानसिकता को तोड़ना है ताकि गांव खुद अपनी आमदनी पैदा करे और उसी से अपना विकास करे। इस पहल की शुरुआत एक बेकरी प्रोडक्शन यूनिट से की गई है, जो भाली आनंदपुर में लगाई है। इस यूनिट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि बेकरी के उत्पाद ग्राहक की आंखों के सामने तैयार किए जाएंगे।



### दूसरे गांवों को भी नई राह दिखाएगी : भ्याना



श्री राम सरण दास भ्याना मेमोरियल ट्रस्ट की यह पहल सिर्फ एक यूनिट लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गांव आधारित विकास मॉडल खड़ा करने की कोशिश है। अगर यह प्रयोग सफल होता है, तो भाली आनंदपुर सिर्फ गांव नहीं रहेगा, बल्कि आत्मनिर्भर गांव की एक मिसाल बन जाएगा और यही मिसाल देश के दूसरे गांवों को भी नई राह दिखाएगी।
-**सुमित भयाना**, चेयरमैन, आरएसडीबीएम ट्रस्ट, रोहतक

